**Regarding alleged atrocities against women and children in Rajasthan**

श्री हरीश चंद्र मीना **(टोंक-सवाई माधोपुर) :** माननीय सभापति महोदय, राजस्थान में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ता हुआ अत्याचार चिंता का विषय है । आज राजस्थान में कोई भी महिला अपने घर में सुरक्षित नहीं है, खेत में सुरक्षित नहीं है, कॉलेज में सुरक्षित नहीं है, गांव में सुरक्षित नहीं है । महिलाओं से छेड़खानी की घटनाएं, अपहरण की घटनाएं और गैंगरेप की घटनाएं बहुत बढ़ रही हैं ।

मेरी सरकार से एक मांग है । भारत सरकार में एक विभाग है, महिला एवं बाल विकास विभाग जिसके पास फंड होता है । मेरी मांग है कि उस विभाग को यह फंड दिया जाए ताकि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था की जाए । जो पीड़ित महिलाएं है, वे ज्यादातर गरीब तबके की महिलाएं हैं, ग्रामीण इलाके की महिलाएं हैं ।

मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि वे राज्य सरकार को आदेश दे कि इसके लिए पुख्ता व्यवस्था करे । धन्यवाद ।